# कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम (छ.ग.)

कबीरधाम, दिनांकः 07/08/2026

क्रमांकः ........../भर्ती/2026

॥ शुद्धि–पत्र / आवश्यक सूचना ॥

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम (छ.ग.) के विज्ञापन क्रमांक 2235, दिनांक 22/07/2026 द्वारा जिला स्थापना के अंतर्गत निष्पादन लिपिक, साक्ष्य लेखक एवं आदेशिका लेखक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से उक्त विज्ञापन के **'आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया' के क्रमांक 04** में आंशिक संशोधन किया जाता है: –

- **संशोधित अंश (पढ़ें):**

  **"उपरोक्त सभी पद सहायक ग्रेड–03 संवर्ग के हैं। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उपर्युक्त पदों के लिए एक ही आवेदन प्रस्तुत करें एवं लिफाफे के ऊपर भाग में आवेदित पद का नाम 'सहायक ग्रेड–03 संवर्ग' स्पष्ट रूप से अंकित करें। उपरोक्त सभी पदों के लिए एक ही परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा उपरांत अंतिम चयन सूची के आधार पर सफल एवं चयनित अभ्यर्थी को सहायक ग्रेड–03 संवर्ग के अंतर्गत पदस्थापना दी जावेगी। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में तीनों पदों के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत किए है, उन्हें एक ही आवेदन के रूप में सहायक ग्रेड तीन संवर्ग के अंतर्गत मान्य किया जावेगा"**

विज्ञापन दिनांक 22/07/2026 की अन्य समस्त नियम, शर्तें एवं विवरण यथावत रहेंगी।

07/08/26

अध्यक्ष, चयन समिति
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कबीरधाम (छ.ग)